## खबर संक्षेप

### पिंडरई प्रीमियम लीग का भव्य शुभारंभ आज

**पिण्डई।** विकासखंड नैनपुर की ग्राम पंचायत पिंडरई में बजरंग स्पोटर्स क्लब के तत्वाधान में रात्रि कालीन टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आज 27अप्रैल से हो रहा है। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी पीपीएल सीजन 3 का आगाज पिंडरई राठटोला ग्राउंड में किया जाएगा। टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जानकारी अनुसार इस टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में करीब 73 मैच होगें। जिसमे प्रथम पुरस्कार 02 लाख, द्वितीय पुरस्कार 01 लाख, तृतीय पुरस्कार 31 हजार और 21 हजार रूपए रखा गया है। विगत दो वर्षो से चले रहे रात्रि कालीन टूर्नामेंट का यह तीसरा सीजन है। टूर्नामेंट के चेयरमेन जितेंद्र सिंह राजपूत ने बताया की प्रतियोगिता का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इसके साथ ही खेल जगत से जुड़े सभी युवा एवं टूर्नामेंट के भाग लेने वाली सभी टीमों से मुख्य अतिथि मुलाकात करेंगे। उद्घाटन समारोह में युवाओं का उत्साह वर्धन करने टेनिस बाल क्रिकेट के राष्ट्रीय खिलाड़ी दिलीप बिजुआ भी इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे। बताया गया कि इस टूर्नामेंट में अब तक का सबसे भव्य रात्रिकालीन टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट होगा। इस टूर्नामेंट में करीब 73 मैच खेलें जाएंगे। जिसमे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लाखो की संख्या में खेल दर्शक के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। पिंडरई प्रीमियम लीग के चेयरमैन जितेंद्र सिंह राजपूत ने बताया की इस वर्ष टूर्नामेंट को अपडेट करते हुए जूनियर टूर्नामेंट भी साथ में कराया जायेगा। जिसमें 8 साल से 16 साल के बच्चो की टीम बनाई गई है। जिसमें टीम मालिको द्वारा जूनियर क्रिकेटरों को भी बोली लगाकर खरीदा गया है।

## ग्राम जंतीपुर के कुछ वार्डों में नहीं पहुंच रहा पानी

# गर्मी में मिल रहा एक दिन छोड़कर पानी

*** ग्रामवासी परेशान परिवार में हो रही दिक्कत।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

गर्मी के दिनों में जिले के सैकड़ों ग्राम, मजरे, टोला में पेयजल की समस्या बनती है। हर घर नल योजना के तहत पेयजल पहुंचाने की कवायद स्थानीय प्रशासन कर रहा है। इस वर्ष के अंतिम तक हर घर नल कनेक्शन का लक्ष्य पीएचई विभाग ने रखा है। लेकिन जिले के वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में हालात ऐसे हो जाते है कि अप्रैल में ही मई, जून माह जैसी स्थिति बनना शुरू हो जाती है। जिला मुख्यालय से करीब पांच किमी दूर ग्राम जंतीपुर के कुछ वार्डो में पेयजल की समस्या बन गई है। जलस्तर भी नीचे उतर रहा है। जिसके कारण आगामी दिनों में हैंडपंप और कुंए का जलस्तर भी कम हो जाएगा। जिसके बाद और विकराल समस्या बन जाएगी। फिलहाल खैरी स्थित फिल्टर प्लांट से जंतीपुर में पेयजल आपूर्ति पूरी की जा रही है, लेकिन ग्रामीणों को रोजाना पेयजल सप्लाई नहीं दी जा रही है। जिसके कारण ग्रामीणों को परेशान होना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में पेयजल की समस्या हमेशा बनी रहती है। यहां मिलने वाला पानी खैरी फिल्टर प्लांट से दिया जा रहा है। पेयजल के लिए मिलना वाला पानी भी एक दिन के अंतर में दिया जाता है। जिसके कारण लोगों को दो दिन का पानी स्टोर करने में परेशानी होती है। बहुत से घरों में पालतू मवेशी भी रहते है, इनके लिए भी पानी का इंतजाम करना पड़ता है। वहीं फिल्टर प्लांट की मोटर खराब हो जाती है, तो 15 से 20 दिन पानी सप्लाई बंद हो जाती है। जिससे ग्रामीणों को अपने काम छोड़कर पानी की व्यवस्था बनानी पड़ती है। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### पानी के लिए जद्दोजहद

ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बढ़ती गर्मी के साथ ही पेयजल संकट भी बढ़ता जा रहा है। ग्राम में नलजल योजना संचालित है, लेकिन पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। जंतीपुर के वार्ड नंबर 09, 10 और 11 समेत आसपास के क्षेत्र में नलजल योजना के कनेक्शन दिए गए है, लेकिन यह क्षेत्र ऊंचाई में होने के कारण यहां पानी नहीं पहुंच पा रहा है। वार्ड नंबर 10 के मार्ग किनारे एक नल कनेक्शन है, इसी नल से यहां के वंशिदों को अपने लिए पीने का पानी समेत निस्तार के लिए पानी भरना पड़ता है। एक नल से करीब 25 से 30 घरों के लोग पानी भरने पहुंचते है। यहां पानी सप्लाई शुरू होते ही पानी के डिब्बों का अंबार लग जाता है। यहां भी पानी के लिए ग्रामीणों को जदोजहद करनी पड़ती है।

### खैरी प्लांट से इन ग्रामों में मिल रहा पेयजल

ग्राम जंतीपुर के सरपंच संतलाल मरावी ने बताया कि खैरी स्थित बने फिल्टर प्लांट से ग्राम में पेयजल सप्लाई दी जा रही है। नलजल योजना के अंतर्गत नल कनेक्शन दिया गया है। कुछ क्षेत्रों में बने घर ऊंचाई में है, जिसके कारण पानी फोर्स नहीं पहुंच पाता है। खैरी प्लांट से सुबह के समय ग्राम पटपरा और खैरी में पानी सप्लाई की जाती है। यहां पेयजल देने के बाद ग्राम जंतीपुर, कम्पोज कालोनी, देवरी, सेमरखापा, टिकरिया, मवईजर, जामुनपानी समेत यहां के आसपास के ग्रामों में खैरी फिल्टर प्लांट से ही पेयजल सप्लाई दी जा रही है।

### फोर्स से नहीं पहुंचता पानी, इसलिए परेशानी

बताया गया कि सुबह के वक्त पेयजल सप्लाई शुरू होती है तब पानी पूरे फोर्स के साथ पहुंचता है। सुबह की पहली पाली में पानी की सप्लाई के बाद दोपहर को होने वाली पानी की सप्लाई में पानी का फोर्स कम हो जाता है। जिसके कारण जंतीपुर समेत अन्य ग्रामों में भी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच पाता है। बताया गया कि फिल्टर प्लांट से करीब चार घंटे पानी की सप्लाई ग्रामों में दी जाती है, जिसमें करीब ढाई घंटे प्रेसर से पानी आता है, इसके बाद पानी का प्रेसर कम हो जाता है। जिसके कारण ग्राम के कुछ क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच पाता है।

### बोर का कार्य प्रगति पर

बताया गया कि जंतीपुर ग्राम की आबादी करीब 1800 की है। जहां कुछ वार्डो में पानी की किल्लत है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए ग्राम में पेयजल के लिए बोर कार्य कराया जा रहा है। ग्राम के सरपंच संतलाल ने बताया कि ग्रामीणों की पेयजल समस्या को देखते हुए काम तेजी से कराया जा रहा है। कार्य पूरा होने के बाद ग्राम के हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचने लगेगा। फिलहाल ग्राम के कुछ वार्डो में मिल रही पेयजल सप्लाई का पानी फोर्स कम होने के कारण कुछ घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके कारण कुछ ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### इनका कहना है:-

*बोर का काम चल रहा है, जल्द ही कार्य पूरा होने के बाद हर घर में रोजाना पेयजल की सप्लाई होगी।*

**-संतलाल मरावी, सरपंच, जंतीपुर**

*ग्राम जंतीपुर में खैरी स्थित प्लांट से एक दिन छोड़कर जलापूर्ति दी जा रही है। जिससे यहां के लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन का पानी एकत्र करने में भी परेशानी होती है, लेकिन जैसे तैसे एक दिन मिले पानी को दो दिन तक चलाना पड़ता है। जल्द ही इसका निराकरण होना चाहिए।*

**पचरी बाई मरावी**

*हर महिने मिलने वाले पेयजल का 65 रूपए भुगतान भी करते है, लेकिन हम ग्रामीणों को आधे महिने ही पानी मिलता है, वार्ड नंबर 10 में लगे नल में घंटों इंतजार के बाद नंबर आता है, तब जाकर पानी मिल पाता है। पानी के लिए भी हमें परेशानी उठानी पड़ रही है। जल्द ही पेयजल समस्या का निराकरण होना चाहिए।*

## आंगनवाड़ी के निर्माण तथा मरम्मत कार्यों को निर्धारित समय में पूरा कराएं-डॉ. सिडाना



*** समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों को 24 मई तक पूर्ण कराएं। इसी प्रकार मरम्मत के कार्यों में भी गति लाते हुए उन्हें भी जल्द पूरा करें। कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों को आकर्षक रूप से विकसित करें। उनमें बच्चों की रूचि के अनुरूप पेंटिंग भी कराएं। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, ईईपीआईयू जीपी पटले, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास शालिनी तिवारी, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### पुरूस्कृत होंगी अच्छा कार्य करने वाली एजेंसियाँ

कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य तथा मरम्मत कार्यों को समय सीमा में बेहतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने वाली एजेंसियों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रों में बच्चों के रूचि के अनुरूप पेंटिंग, उसकी साज-सज्जा तथा केन्द्र से प्रदाय की जाने वाली सेवाओं के आधार पर भी मार्किंग की जाएगी। आंगनवाड़ी सहित किसी भी शासकीय भवन में किसी प्रकार का राजनैतिक अथवा व्यावसायिक विज्ञापन अंकित न किया जाए।

### योजनाओं के लाभ से कोई वंचित न रहे

डॉ. सिडाना ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के पंजीयन एवं टीकाकरण, बच्चों के टीकाकरण, कुपोषित तथा कम वजन के बच्चों के उपचार एवं फॉलोअप, मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना का बेहतर क्रियान्वयन करें। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। विभागीय अधिकारी नियमित रूप से केन्द्रों का भ्रमण करते हुए संबंधितों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

### एनआरसी के लिए रोस्टर बनाएं

कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों को पौष्टिक तथा स्वादिष्ट भोजन प्रदाय करें। विभागीय अधिकारी भ्रमण के दौरान बच्चों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता अनिवार्य रूप से जांच करें।

## पलक राय विज्ञान संकाय में रही अव्वल



**भुआबिछिया।** शासकीय कन्या उच्च मा विद्यालय भुआ बिछिया में वर्ष 2023-24 में आयोजित हाई/हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वी में पलक राय पिता योगेश राय ने विज्ञान संकाय में 93%, श्रद्धा पिता राजेंद्र नामदेव ने 92.2 %, राखी पिता दान सिंह राजपूत ने 91.8% अंक प्राप्त किए। वहीं विद्यालय में ललिता धुर्वे ने वाणिज्य संकाय में और विद्या मरावी ने कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 10 में लक्ष्मी मरावी पिता महेंद्र सिंह मरावी ने 90.6% अंक प्राप्त किया। विद्यालय का परिणाम कक्षा 10वी में 86% एवं 12वी में 91% रहा।छात्राओ की इस उपलब्धि में प्राचार्य वीरेन्द्र सिंह परतेती सहित समस्त स्टाफ ने महत्व पूर्ण योगदान दिया।

### सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय



**भुआबिछिया।** सरस्वती शिशु मंदिर भुआबिछिया में माध्यमिक शिक्षक मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित 48 छात्र-छात्राओं में 40 प्रथम श्रेणी, 5 दृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जिसमें छात्रा वंशिका श्रीवास पिता सुशील श्रीवास ने 95.4 प्रतिशत के साथ बिछिया ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जय साहू पिता दीपक साहू ने 94.4 प्रतिशत एवं नमामि पांडे पिता दिलिप पांडे ने 94.2 प्रतिशत प्राप्त किया। विद्यालय एवं समिति परिवार ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

## प्रवीण्य सूची में 9वां स्थान बनाने पर कलेक्टर ने किया सुहानी को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



निवास नगर तथा उत्कृष्ट विद्यालय निवास की होनहार छात्रा कुमारी सुहानी दुबे को हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 में प्रदेश में नौवां स्थान बनाने पर जिला कलेक्टर डाक्टर सलोनी सिडाना के द्वारा सम्मानित किया गया योजना भवन मंडला में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर डोक्टर सलोनी सिडाना , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर रवि सिहाग सहायक आयुक्त एल एस जागेत ,जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी बरकड़े आदि की उपस्थिति में प्रदेश की प्रवीण्य सूची एवं जिले की सूची में आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया इसी कड़ी में उत्कृष्ट विद्यालय निवास की छात्रा सुहानी दुबे को प्रदेश में नौवां स्थान बनाने पर सम्मानित किया गया सुहानी दुबे पूर्व में भी सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययन रहते हुए कक्षा दसवीं की परीक्षा में प्रदेश में स्थान बना नगर को गोरबान्वित कर चुकी हैं प्रारंभ से ही प्रतिभाशाली रही कुमारी सुहानी दुबे शिक्षक विजय दुबे मुकेश दुबे ,संतोष दुबे ,सुनील दुबे विक्रांत दुबे की भतीजी तथा विनोद दुबे एवं कविता दुबे की पुत्री हैं अपने दादा-दादी के सपनों को साकार करने अध्ययन अध्यापन में निरंतर 8 से 10 घंटे तक मेहनत कर सुहानी ने यह मुकाम हासिल किया है योजना भवन में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान सुहानी दुबे अपने दादा-दादी को याद कर भावुक को गई जिन्हें कलेक्टर महोदया और उपस्थित अधिकारियों द्वारा समझाइश दी गई सुहानी की सफलता पर क्षेत्रीय प्रबुद्ध जनों ने जहां बधाई दी वहीं सभी जनों ने इस मुकाम तक पहुंचने वाले सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक गण तथा

## सब इंजीनियर प्रमोद भां्डेकर रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



**भुआबिछिया।** कल एक और उपयंत्री ने न केवल पंचायती राज व्यवस्था को शर्मसार किया बल्कि पंचायतों में अधिकारियों के द्वारा चल रहे भ्रष्टाचार की कलई भी खोलकर रख दी। किस तरह ये जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्टाचार करते हुये न केवल निर्माण कार्यो की गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं बल्कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। बिछिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत दानीटोला में सुशील साहू द्वारा बिछिया जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत के सरोवर निर्माण का कार्य किया गया था जिसमें कार्य पूर्ण होने के बाद बिछिया जनपद में सब इंजीनियर प्रमोद भांडेकर के द्वारा अमृत सरोवर की 22 लाख की राशि निकलवाने के लिए 50000 रूपये रिश्वत की मांग की जा रही थी इस शिकायत पर लोकायुक्त विभाग के द्वारा कल कार्यवाही करते हुए आरोपी इंजीनियर प्रमोद भांडेकर को 30000 रूपये पर रिश्वत लेते लोकायुक्त

## ब्रह्माकुमारीज की 'द लाइट' मूवी देखने मण्डला शहर के साथ गाँव गाँव के लोग किंगफिशर पहुँचें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा निर्मित परमात्म अवतरण और महिला सशक्तिकरण पर आधारित ब्रह्माकुमारीज की ₹द लाइट- एक आंतरिक यात्रा₹ मूवी का किंगफिशर थिएटर में शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम में मण्डला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, स्वामी शारदात्मानन्द स्वामी जी, स्वामी योगी रामेश्वरनाथ जी, श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संभागीय उपाध्यक्ष भ्राता हनुमान तिवारी, श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष भ्राता नीरज अग्रवाल, पत्रकार भ्राता रोहित बघेल, भ्राता देवेंद्र चौधरी, भ्राता लखन भांडे, भ्राता शाकिर खान, समाजसेविका बहन श्रीमती उमा यादव, समाजसेविका बहन गीता साहू, समाजसेविका सरिता अग्निहोत्री, पतंजलि योगपीठ के योग शिक्षिका बहन अर्चना देशमुख एवं ब्रह्माकुमार भाई बहन सहित मण्डला शहर और गांव के लोग उपस्थित रहे।

ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने बताया कि महिलाओं द्वारा संचालित विश्व की सबसे बड़ी आध्यात्मिक संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थापना की अद्भुत गाथा एवं साकार संस्थापक पिता श्री ब्रह्मा बाबा के जीवन के सत्य प्रसंगों पर आधारित एक प्रेरणादायक कहानी ब्रह्माकुमारीज़ गॉडलीवूड स्टूडियो द्वारा निर्मित फिल्म 'द लाइट' पिताश्री ब्रह्मा के जीवन पर लिखी गई किताब 'एक अद्भुत जीवन कहानी' पर आधारित है। फ़िल्मि के प्रोड्यूसर गॉडलीवुड स्टूडियो के डायरेक्टर ब्रह्माकुमार हरिलाल भाई जी एवं क्रिएटिव प्रोड्यूसर विश्व प्रसिद्ध फ़िल्मि निर्देशक शूजीत सरकार जी हैं।

ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज के संस्थापक का नाम लेखराज खूबचंद कृपलानी के नाम से जाना जाता था। वह अमीर और संपन्न हीरे व्यापारी की है, जिसने अपनी सारी संपत्ति एक ट्रस्ट के नाम कर दी, जिसका लक्ष्य महिलाओं को सशक्त बनाना, साथ ही मानवीय मूल्यों के बारे में जागरूकता फैलाना और आध्यात्मिकता के माध्यम से दुनिया में शांति और सद्भाव लाना था।

**निर्देश** | **कलेक्टर ने ली अशासकीय शालाओं के संचालकों की बैठक।**

# 10 फीसदी से अधिक नहीं होगी फीस वृद्धि

*** दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें निजी स्कूल।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अशासकीय स्कूलों के संचालकों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि फीस, गणवेश एवं पुस्तकों के निर्धारण में मध्यप्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम 2017 का अक्षरशः पालन करें। उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। सभी विद्यालयों को नियत समय सीमा में फीस सहित विद्यालय की अन्य जानकारी पोर्टल पर अंकित करना आवश्यक है।

कलेक्टर ने कहा कि अधिनियम में स्पष्ट है कि कोई भी विद्यालय अपने स्तर पर गत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि नहीं कर सकता है, सभी स्कूल निर्देशों का अध्ययन करते हुए गंभीरता से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परिवहन सुविधाओं में मानकों का ध्यान रखें। प्रत्येक वाहनों के फिटनेस की जांच अनिवार्य रूप से कराएं। वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे न बैठाएं। विद्यालय प्रबंधन छात्र या अभिभावकों को पुस्तकें, गणवेश, टाई, जूते, कॉपी आदि सामग्री चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए बाध्य नहीं करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे सहित संबंधित अधिकारी तथा अशासकीय विद्यालयों के संचालक उपस्थित रहे।

### 84 निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी

फीस सहित अन्य आवश्यक जानकारियां पोर्टल पर अंकित नहीं करने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के 84 निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित स्कूल अगले 7 दिवस में मध्यप्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम 2017 के प्रावधानों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करते हुए वांछित जानकारी संबंधित पोर्टल पर दर्ज करें। समय सीमा में जानकारियों की ऑनलाईन प्रविष्टि नहीं होने पर संबंधित स्कूल के विरूद्ध प्रावधान के अनुरूप कार्यवाही की जाएगी।



खबर संक्षेप

## मिलावटी ईधन से जहर उगल रहे वाहन

**सांईखेड़ा।** मिलावट के युग मे वाहनों मे प्रयुक्त हो रहे पेट्रोल डीजल के शुद्ध होने की कल्पना करना ही व्यर्थ है,क्योंकि इसके पूर्व जब नगर में चंद पेट्रोल पंप हुआ करते थे तो उन पर मिलने वाले पेट्रोल व डीजल की गुणवत्ता पर विश्वास किया जाता था, मगर इस समय देखा जा रहा है कि शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार खुल रहे पेट्रोल पंपो के चलते उनसे मिलने वाले ईंधन की गुणवत्ता पर विश्वास करना एक मुश्किल भरा काम हो गया है? बताया जाता है कि इस तरल ईंधन मे मिट्टी के तेल की मिलावट होने से वाहनों से निकलने वाला सफेद गाढ़ा काला धुआं लोगों के स्वास्थ्य को खराब कर रहा है,संबंधित विभागीय अधिकारी कभी कभार इक्का दुक्का वाहनो को पकड़कर मात्र अपनी औपचारिकता निभा खानपूर्ति कर विज्ञप्तियों के माध्यम से वाह वाही लूटने मे परहेज नही कर रहे है? नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में दौड़ने वाले सैकड़ो ऐसे वाहन होते है, जिनमे शुद्ध रूप से पेट्रोल व डीजल का उपयोग नही हो रहा है? क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले इन वाहनों में मिलावटी ईंधन के कारण इन वाहनों से जो सफेद काला गाढ़ा धुआं निकलता है,उसमे कार्बन की संख्या अधिक रहती है,वायु के साथ कार्वन के ये न दिखने वाले कण वाहनों के आस पास मौजूद लोगों के शरीर मे प्रविष्ट होते ही है साथ ही कपड़ों मे भी चिपक जाते है,लोंगों द्वारा रूमाल से अगर चेहरा या शरीर पोछा जाता है तो वह काला हो जाता है, इस समय देखा जा रहा है कि भारी वाहनों विशेषकर ट्रक, डम्फर तथा जीप व क्षेत्र में संचालित टैक्सियों मे डीजल का प्रयोंग किया जाता है, उसमें वाहन माहिलों द्वारा सर्वाधिक मिलावट की जाती है,हलांकि पेट्रोल चलित वाहनों विशेषकर दुपहिया वाहनों जिनकी संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, अतःउनके द्वारा भी वातावरण को प्रदूषित करने के आलावा लोगों को बीमारियां परोसी जा रही है, चिकित्सकों का कहना है कि वातावरण मे कार्वन की मात्रा बढ़नें के कारण शहर के लोगों मे श्वास व ह्दय रोग संबंधी शिकायतें बढ़ गयी है।

## थाने के सामने आवारा सुअरों की धमाचौकड़ी से वाहन चालक हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर नगर का साफ सुधरा बनाने के लिये नपा अध्यक्ष द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है, मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा जहां तहां फैलाई जा रही गंदगी के चलते नगर पालिका की मुहिम को ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के ठीक पुलिस थाने में सामने देखने मिल रही है जिस प्रकार से नगर के पुलिस थाना सहित तहसील कार्यालय के ठीक सामने की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि यहां पर कचरे का साम्राज्य स्थापित होने के कारण आवारा सूअर यहां पर अपनी मटर गस्ती करते हुए वाहन चालकों की जान को खतरे में डालने से नही चूक रहे है? बताया जाता है कि जिस स्थान पर यह कचरा पड़ा हुआ है उसी स्थान के पास राजस्व विभाग के कर्मचारियों का कार्यालय के साथ साथ लोगों के पीने हेतु सार्वजनिक नल भी लगा हुआ है, जहां पर कचरे की उठती हुए बदबू के बीच आमलोग इस नल से पानी भरने के लिए मजबूर तो हो ही रहे है साथ ही साथ पुलिस थाना सहित तहसील कार्यालय में आने वाले लोगों को भी इस गंदगी के बीच से निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? बताया जाता है कि नपा द्वारा सफाई करने के तुरंत बाद ही लोगों द्वारा यहां पर जिस प्रकार से कचरा डाल दिया जाता है उसके चलते सुअरों द्वारा उस कचरे को सड़को पर फैला दिया जाता है और इस प्रकार से फैले हुये कचरे तथा सुअरों की मटर गस्ती के चलते आम वाहन चालकों के साथ साथ आमजन भी परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है, अनेकों बार तो सच्चाई इस प्रकार से देखी जाती है कि इस कचरे के बीच घुसे हुये सुअर जब अचानक सड़क पर आ जाते है तो वाहन चालक इन सुअरों से टकराते हुये घायल होते हुये भी देखे जाते है।

### शहर के किसी भी मतदान पर देखने नहीं मिल लम्बी लाईने, गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र में 67 प्रतिशत से अधिक मतदान होने का है अनुमान

**फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा सहित दूल्हा दुल्हनों ने किया मतदान**

# तेज तपन व शादियों की मुहुर्त का लोकसभा चुनावी प्रक्रिया पर देखने मिल रहा है असर








**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस तरह निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रशासन द्वारा लोक सभा चुनाव कराने की तैयारी देखी जा रही थी उससे यह अनुमान लगने से नही चूक रहा था कि शायद इस बार मतदान के दौरान प्रशासन की चाक चौबंध व्यवस्था रहेगी और इसी का परिणाम है कि बीते हुये शुक्रवा को क्षेत्र में संपन्न हुआ लोक सभा चुनाव पूर्णरूप से शांति पूर्वक संपन्न हुआ किसी भी मतदान केन्द्र से कोई लड़ाई झगडा व परेशानी की जानकारी नही मिली है। मगर यह बात जरूर है कि इस बार संपन्न हुई लोकसभा के आम चुनाव पर सूरज की तेज तपन व शादियों के विशेष मुहूर्त का असर जरूर देखने मिला जिसके चलते देखा गया कि शहर के किसी भी मतदान केन्द्र पर जहां मतदाताओं की लम्बी लाईने नजर नही आई है। यह बात अलग है कि ग्रामीण क्षेत्रों के कुछ मतदान केन्द्रो पर जरूर लम्बी लाईन देखने मिली है। यदि नगर में देखा जावे तो बीते हुये दो वर्ष पहले नगर पालिका परिषद के बाद विधान सभा के लिये हुये आम चुनावों के दौरान जिस





तरह मतदान केन्द्रो पर लोगों का जो हुजूम देखा जाता था वह इस बात देखने ही नही मिला है। इस तरह मतदान केन्द्रो पर पूर्णरूप से शांति का महौल दिखाई पड़ा। हालत तो इस तरह देखे गये कि जब दोपहर के 12 बजे और सूरज की तेज तपन के चलते मतदान केन्द्रो पर मात्र एक्का दुक्का मतदाता पहुंचते हुये ही नजर आ रहे थें। मगर चार बजे के बाद मतदाताओं की संख्या में कुछ इजाफा देखने मिला था। मगर इसके बाद भी शहर के किसी भी मतदान केन्द्र पर लाईन लगने जैसी स्थिति निर्मित नही हो पाई थी। मतदाता केन्द्र पर पहुंचता था और आसानी से मतदान करने के बाद चंद मिनिटों के अंदर वापिस होते हुये देखा जा रहा था। वही दूसरी ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रो पर जरूरी लाईने लगते हुये देखी गई है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो जिस तरह मतदाताओं में विधान सभा चुनाव को लेकर मतदान करने का उत्साह देखा जा रहा था। वह उत्सह इस चुनाव में देखने नही मिला है। अब उसका कारण सूरज की तेज तपन रहा हो या फिर शादियों की भरमार का कारण? फिर भी शासन द्वारा बनाई गई व्यवस्थाओं के बीच संपन्न हुये लोक सभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में कही से भी



किसी तरह कोई अप्रिय घटना को समाचार नही मिला है। वही दूसरी ओर देखा गया कि सुबह 7 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुभारंभ होते हुये मतदान केन्द्रो पर मतदान करने लोगों की शुरू हो गई थी। वही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शांति पूर्वक चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक उमेश तिवारी सहित बाहर से आया हुआ पुलिस बल संपूर्ण क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते हुये देखे गये। वही मतदान के दौरान अनेक जगहों पर अनोखे नजरे दिखने मिले। कही वृद्व जनों के उनके परिवार के लोग ट्राई साईकिल पर ले जाकर मतदान कराया गया तो युवाओं द्वारा पहली बार मतदान करते हुये अपनी खुशी का इजहार किया गया। वही नगर के सुभाष वार्ड में बारात लेकर जाने के पहले दूल्हा रिशी पावर द्वारा मतदान करने के बाद अपनी बारात को रवानाकिया गया। इसी प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम घघरौला कला, बरहटा बरेली में दुल्हा दुल्हन ने पहुंचकर मतदान किया गया। इसी प्रकार से नगर के राजेन्द्र बाबू वार्ड में फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा अपना मतदान करते हुये लोगों को मतदान के लिये परेरित किया गया। वही दूसरी ओर अनुविभागीय अधिकारी कलावती व्यारे, तहसीलदार सहित नायब तहसीलदार द्वारा आम महिला मतदाताओं की लाईन में लगते हुये अपना मतदान किया गया। इस तरह सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चली मतदान की इस प्रक्रिया के दौरान निर्धारित समय अवधि के दौरान चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुई। इस तरह गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के 230 मतदान केन्द्रो पर पूर्ण शांति के साथ मतदान संपन्न होने की खबर है। वही समाचार लिखे जाने तक मतदान दल अपने अपने केन्द्रो से वापसी की तैयारी करते हुये देखे जा रहे थें। वैसे लोकसभा चुनाव के दौरान गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र में संपन्न हुये मतदान केन्द्रो के सही आकड़ो की जानकारी प्राप्त होना अभी शेष है? मगर जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 67 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की अनुमान है..? इस तरह गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र में प्रमुख राजनैतिक दलों के उम्मीदवारो सहित कुल 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईव्हीएम मशीनों में कैद होकर रखा गया है जो अब 4 जून को खुलकर सामने आवेगा।

## नगर में अस्त व्यस्त स्थिति में फैली बिजली लाईनों की अनदेखी बन रही परेशानी का कारण



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भले ही बिजली विभाग द्वारा नगरवासियों को सुचारू रूप से बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने की बात कहते हुये कुछ दिनों पूर्व बिजली लाईनों में सुधार कार्य करने के नाम पर नगर की बिजली व्यवस्था को बंद रखते हुये सुधार कार्य को अंजाम दिया जा चुका है7 मगर इसके बाद भी नगरवासियों को सुचारू रूप से बिजली व्यवस्था उपलब्ध रह पाने की संभावना कम ही नजर आते हुये दिखाई पड़ रही है? क्योंकि जिस प्रकार से नगर में लगे हुये बिजली खम्बों पर बिजली लाईने मकड़ी के जाल के समान उलझी हुई देखी जा रही है उसके चलते आये दिन बिजली खम्बों से चिंगारी निकलने के साथ साथ आग लगते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। कुछ इसी प्रकार का हाल इस समय नगर में देखने मिल रहा है जब बिजली लाईनों का सुधार होने के बाद भी दिन में अनेको बार बिजली कटने से नही रूक पा रही है। क्योंकि बिजली विभाग द्वारा खम्बों पर मकड़ी के जाल के समान उलझी हुई लाईनों के सुधार की ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण अनुमान लग रहा है कि आने वाली नवरात्र के दौरान भी लोगों को बिजली की परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ सकता है? अक्सर देखा जाता है कि खम्बों के ऊपर अधिक लाईनों के बीच जब चिडियों द्वारा अनेक प्रकार के कचरे को एकत्र करते हुये अपने घोषला बना लिये जाते है या फिर खम्बों पर बिजली लाईनों का अधिक मकड़जाल होने से जब एक चिंगारी निकली है तो वह बिजली लाईन के केबिलों में आग लगने के कारण संपूर्ण विद्युत व्यवस्था को खराब कर देती है। यदि बिजली विभाग द्वारा समय रहते हुये इस ओर ध्यान दे दिया जावे तो निश्चित ही आमलोगों को इस परेशानी से बचाया जा सकता है।

## यमदूत बन अनियंत्रित गति से एक लाईट वाले वाहनों से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की आशंका?

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** दुर्घटना से देर भली यह नारा यातायात व्यवस्था सुचारू रखने वाली पुलिस हमेशा दोहराती रहती है, किन्तु विडम्बना की बात है कि उसकी तरफ से सड़कों पर अनियंत्रित गति से वाहन चलाने पर रोक नही लगायी जाती है,जिसकी जीतीजागती मिसाल इन दिनों ग्राम खुलरी में देखने को मिल रही है, जहां पर वर्तमान में ग्राम की सड़कों पर दो पाहिया,चार पाहिया वाहन ट्रक व ट्रेक्टर यमदूत बनकर फर्राटे से तेज गति में दौड़ते नजर आ रहे है, हालत यह है कि दोपाहिया वाहन चालक, राहगीर चार पहिया काने वाहनो को रात के समय टू व्हीलर वाहन समझने की भूल कर बैठते है और जब उन्हे सच पता चलता है तो खैरियत से घर पहुँचने की ईश्वर से प्रार्थना करने लगते है। बताया जाता है कि पुलिस के सामने से भी काने वाहनो के गुजरनें का सिलसिला चलता रहता है पर पुलिस वाहन चालको पर कार्यवाही करने की जगह हरी झंडी दे देते हुये देखी जाती है? जिसका नतीजा है कि ग्राम में सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा लगातार बढ़ता जा रहा है, यातायात व्यवस्था में बाधक साबित हो रहे फर्राटे से दौड़ते वाहनों के सम्बंध में हरिभूमि टीम से क्षेत्रवासियों ने चर्चा करते हुए कहा कि गांवो की सड़को पर बिना बैक लाईट वाले वाहनो का दौड़ाया जाना खतरनाक साबित हो रहा है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों के सकरे मार्गो पर जब अनियंत्रित गति वाले वाहन चलते है तो लोंगो का दिल दहल जाता है, पुलिस को जनहित में सड़को पर काने यानि की रात के समय वह बड़े वाहन जिनका एक लाईट ही जलता है इस प्रकार के वाहनो के दौड़ाने पर पाबंदी लगानी चाहिए, ग्रामीणों के अनुसार रात में सिंगल लाईट वाले चार पाहिया वाहनों का सड़को पर दौड़ना उचित नही है, इन वाहनों से कभी भी सड़क हादसा हो सकता है, वाहनो की धमाचौकड़ी पर पुलिस को शीघ्र प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्षेत्र के लोगों के मुताबिक हमारे मकान मुख्य सड़क के किनारे बने हुए है, जहां छोटे बच्चे हमेशा खेलते है, बच्चो की नासमझी और निरंकुश वाहन चालको की जुर्रत से कभी भी दुर्घटना हो सकती है, वही क्षेत्र लोगों का कहना है कि शाम के समय अंधेरा होने से इवनिंक बाईक पर निकले ग्रामवासी घर लौटते समय चार पाहिया वाहनो की सिंगल लाईट के कारण दोपाहिया वाहन समझ बैठते है और उन्हे बाल बाल बाचते हुए घर लौटने मजबूर होना पड़ता है, अक्सर देखा जाता है कि वाहन चालको को पुलिस का खौफ नहीं रह गया है, इसी का कारण है कि सड़को पर काने वाहन बेरोकटोक दौड़ रहे है, पुलिस द्वारा यादि यातायात व्यवस्था में सुधार अभी नहीं किया गया तो आशंका है कि आने वाले समय में अनचाही सड़क दुर्घटनाएॅ घटित हो सकती है।



## कामती राष्ट्रबंधु स्मारक के पास फैला हुआ अतिक्रमण बन रहा परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय क्षेत्र के राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख माने जाने वाले गाडरवारा पिपरिया मार्ग की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि जहां तहां निकल रहे गड्डे वाहन चालकों के लिये पेरशानी का कारण तो साबित होते हुये देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर इस मार्ग पर आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते अनेक लोग अपने जिन्दगी भी गवा चुके है? क्योंकि जहां सड़क की स्थिति लगातार जर्जर होने के बाद भी इसके सुधार की ओर किसी के भी ध्यान नही दिया जा रहा है, वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे पड़ने वाले गांवों में सड़क किनारे फैल रहे अतिक्रमण दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम कामती में देखने मिल रही है, बताया जाता है कि इस मार्ग पर पढ़ने वाले ग्राम कामती के प्रमुख स्थल राष्ट्रबंधु स्मारक के पास जिस प्रकार से लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये अपने दुकाने सजाई गई है उसके चलते वाहन चालकों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक पा रहा है, क्योंकि यह स्थल इस प्रकार से माना जाता है कि यहां पर सड़क का प्रमुख मोड़ होने के कारण जहां वाहन चालकों को सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है, वही दूसरी ओर जब कोई वाहन अचानक दूसरे वाहन के सामने आ जाता है तो इस मोड़ पर फैले हुये अतिक्रमण के चलते वाहन चालक अपने वाहन को



सड़क की साईड में ले जाने की स्थिति में भी नही होता है जिसके चलते इस स्थल पर आये दिन वाहनों की टक्कर होना आम बात हो चुकी है? मगर इसके बाद भी यहां पर फैले हुये अतिक्रमण को लेकर प्रशासन द्वारा जिस प्रकार से लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद प्रशासन में बैठे हुये अधिकारी ही यहां पर किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो।

## गांवों में लकड़ी के खम्बों के भरोसे चल रही बिजली लाईनों से बन रहा खतरा

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र के किसानों से बिजली बिलों की बसूली को लेकर तो अपना पूरा जोश लगाया जा रहा है, मगर वही दूसरी ओर क्षेत्र के फैली बिजली लाईनों के सुधार कार्य से लेकर उनके रख रखाब में इस प्रकार की उदासीनता बरती जाती है कि जहां तहां झूलते हुए बिजली तारों से निकलने वाली आग की चिंगारियों से किसानों के खेतों में जहां खड़ी हुई फसले जलकर खाक हो जाती है या फिर बिजली से लगने वाले करेन्ट के कारण लोगों को बेमौत काल के गाल में समाने के लिए मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर बिजली विभाग के उदासीनता के चलते मुख्य मार्गो पर झूलते हुए बिजली तारों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि कभी भी कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? बताया जाता है कि क्षेत्र के किसानों द्वारा अपनी सुरक्षा के लिए अपने स्तर पर लकड़ी के खम्बा लगाते हुए व्यवसथा बनाई गई है जिसके चलते क्षेत्र की बिजली सिर्फ लकड़ी के खम्बों भरोसे चलते हुए जान पड़ रही है? इस बात की सच्चाई इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में देखने मिल रही है जहां पर बताया जाता है कि किसानों के लिए बनी हुई सार्वजनिक रास्ते के ऊपर बिजली तार इस प्रकार से झूलते हुए नजर आ रहे है कि उन तारों से कभी भी कोई वाहन टकरा सकता है, इस बात की जानकारी बिजली विभाग के बड़े अधिकारियों से लेकर छोटे कर्मचारियों को होने के बाद भी किसी भी प्रकार का सुधार नही किये जाने से इस बात का अंदेशा लग रहा है कि शायद बिजली विभगा के अधिकारी क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घटित होने का इंतजार कर रहे है।

## आमगांव नाका की यातायात व्यवस्था में नहीं हो रहा सुधार, आये दिन निर्मित हो रही जाम की स्थिति

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि पुलिस द्वारा नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार लाने की बात को लेकर आटों चालकों को आये दिन यातायात संबंधी पाठ पढ़ाते हुए उन्हें नियम से चलाने की बात कहकर नगर के अंदर बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था में काफी हद तक सुधार लाया गया है, मगर अब सवाल यह पैदा हो रहा है कि नगर के अन्य मार्गो की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था को पुलिस द्वारा नजर अंदाज करना कहा तक उचित समझा जावेगा? क्योंकि यातायात सुधार के नाम पर सिर्फ पुलिस की कार्यवाही बाजार तक ही सीमित रहना जहां चर्चा का विषय बना हुआ है, वही दूसरी ओर नगर के अन्य हिस्सो में बिगड़ी हुई यातायात के चलते आम लोगों को परेशान होते हुए देखा जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के आमगांव नाका राठी तिरहा क्षेत्र की स्थिति तो बाजार से भी दयनीय बनी हुई है। क्योंकि यहां पर वाहन चालक अपने वाहनों को मुख्य मार्ग पर ही खड़ा करते हुए दुकानों के अंदर चाय नास्ता करने के लिए चले जाते है जिसके चलते जाम की स्थिति पैदा होने से लोगों को काफी समय तक खड़े रहकर परेशान होने हुए देखा जा रहा है, जबकि यह नगर का प्रमुख मार्ग होने के साथ साथ इस मार्ग से ही कालेज की छात्राओं का आना जाना लगा रहता है, वही मंडी पहुंचने वाले किसानों के ट्रेक्टर ट्रालियों की आना जाना बना रहता है। मगर यहां पर संचालित होने वाली दुकानों के संचालकों पर पुलिस की मेहरवानी होने के कारण जहां दुकानदारों द्वारा अपने ग्राहकों के वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कराते हुए अपनी कमाई की जा रही है लोगों को परेशान होने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि इस क्षेत्र में संचालित होने वाली प्रमुख दुकान की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वही स्वयं ही अतिक्रमण करते हुए शासकीय भूमि पर संचालित होते हुए देर रात तक खुला रहना नगर में आये दिन विवाद का कारण साबित होने से नही चूक पा रही है? क्योंकि बीते हुए कुछ वर्ष पूर्व जब प्रशासन द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम छेड़ी गई थी उस समय दुकान का कितना भाग अतिक्रमण में आ रहा है यह बात खुलकर सामने आ चुकी थी, मगर प्रशासन की मेहरवानी के चलते खाली कराया गया भाग फिर दुकानदार द्वारा अपने कब्जे में लेते हुए आसपास अनेक पान टपरों को स्थापित करते हुए उनसे किराया बसूलने में भी कोई कसर नही छोड़ी जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**डिंडौरी।** समनापुर थाना में पीडिता द्वारा 24 अप्रैल को आरोपी सिहारे सिंह मसराम के विरूद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया था, रिपोर्ट पर थाना समनापुर में अपराध क्रमांक 209/2024 धारा 376,376(2) (एन ), 450 ताहि. का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कायमी उपरान्त मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक , अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बजाग के मार्गदर्शन में निरी. कमलेश कुमार धूमकेती थाना प्रभारी समनापुर, उपनिरी. पारस यादव, प्रआर0 297 कृष्णपाल सिंह, आर.362 आशीष घरडे, आर.78 सियाराम मरकाम, महिला आर. 404 इन्द्रमाला मसराम के द्वारा थाना में पंजीबध्द अपराध के आरोपी सिहारे सिंह मसराम निवासी धनौली थाना समनापुर को पता तलाश कर आरोपी को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया हैं ।

## आज सभी जनपदों में आयोजित होगा रेवा हेल्थ कैम्प

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने 27 अप्रैल दिन शनिवार को सभी जनपद पंचायतों में रेवा हेल्थकैम्प आयोजित किया जाएगा। रेवा हेल्थ कैम्प की नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी को नियुक्त किया गया है। उक्त रेवा हेल्थकैम्प विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, महिला बाल विकास, आयुष विभाग के संयुक्त दल के आपसी समन्वय से स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायें जाने के उद्देश्य से आयोजन किया जाएगा। उक्त रेवा हेल्थकैम्प जनपद पंचायत डिंडौरी के वार्ड नम्बर 6 खनूजा कालोनी में, जनपद पंचायत शहपुरा के वार्ड नम्बर 15 बनवासी मोहल्ला, जनपद पंचायत अमरपुर के ग्राम पंचायत अंधियारखोह, जनपद पंचायत बजाग के ग्राम पंचायत पिपरिया, जनपद पंचायत डिंडौरी के ग्राम पंचायत अझवार, जनपद पंचायत करंजिया के ग्राम पंचायत झनकी, जनपद पंचायत मेंहदवानी के ग्राम पंचायत चैबीसा, जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत फिटारी और जनपद पंचायत शहपुरा के ग्राम पंचायत बरखेडा में आयोजित किया जाएगा।

## कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के द्वारा आनंदम् दीदी कैफे डिंडौरी में 27 अप्रैल दिन शनिवार को शाम 5 बजे कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में राज्य एवं जिला स्तर पर प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। 12वीं की प्रवीण्य सूची के अनुसार नंदनी मलगाम, अमोल राय, अक्षत शर्मा, दुर्गावती अग्रवाल, ओम गुप्ता, श्रेया कछवाहा, अजय कुमार ठाकुर, गरिमा कोहली, अंशिता चैरसिया और पूर्णिमा झरिया को सम्मानित किया जाएगा। वहीं 10वीं की प्रवीण्य सूची के आधार पर काकुल साहू, ध्रुव कुमार साहू, समीक्षा साहू, सरस्वती पाराशर सहित अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। विद्याथियों को अभिभावकों के साथ उक्त सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया है।

## अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु टास्क फोर्स की बैठक 29 को

**उमरिया।** खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम, नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। जिले मे खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम नियंत्रण हेतु बैठक 29 अप्रैल को समय सीमा की बैठक पश्चात दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। बैठक मे सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

# विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें - कलेक्टर



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रट सभाकक्ष में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने हाल ही में जारी बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों का मूल्यांकन किया और अधिकारियों से आगामी सत्र के लिए बेहतर परिणाम के लिए रणनीति बनाने पर विचार विमर्श किया।कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निचले स्तर से उच्च स्तर तक और सुधार की आवश्यकता के लिए बेहतर करने के प्रयास करना है। शिक्षा के मूल उद्देश्य की प्राप्ति करना हमारी प्राथमिकता होना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर देना है। जिससे जिले की शिक्षा को एक सही दिशा मिल सके।

कलेक्टर ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा स्तर पर वर्तमान अवश्यकता के अनुसार नीतिगत कार्य करें। उन्हांने कहा कि प्राथमिक स्तर पर आंगनबाड़ी और प्राथमिक स्कूल साथ में शिक्षा के क्षेत्र में समन्वय के साथ कार्य करें। अच्छी शिक्षा का आधार अच्छा स्वास्थ्य होता है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग के साथ समन्वय कर स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए आकर्षक शिक्षण पद्धति का प्रयोग करें, जोकि प्रायोगिक पद्धति पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि मजबूत इच्छाशक्ति के साथ शिक्षा कार्यक्रम को चलायें और शिक्षा में बाधक तत्वों की सूची बनाकर एक एक करके समस्या का निदान करें, जिससे जिले के बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके।

## गाइड लाइन के अनुरूप नहीं बनी कालोनियां, दाम काफी अधिक

**शहडोल।** जिले में अवैध प्लाटिंग व कालोनाइजिंग की होड़ लगी हुई है। चारो तरफ कालोनियां बन रहीं हैं। अब तक ऐसी कई कालोनियां यहां खड़ी की जा चुकीं हैं। इनके आवास भी बिक जाते हैं। लेकिन कालोनी के निर्माण और आवासों की गुणवत्ता की जाच पड़ताल नहीं होती। आवासों की दीवारों व छतों में साल दो साल में ही दरार पड़ जाती है। गैर लायसेंसी कालोनाइजरों की भीड़ बढ़ती जा रही है लेकिन प्रशासन न तो इनकी खोज खबर लेता न इन पर कभी कोई कार्रवाई होती है। यही कारण है कि इनके हौसले बुलंद रहते हैं और कालोनियां खड़ी कर दी जाती हैं। और तो और ग्रामपंचायत क्षेत्रों में भी कालोनियां बनाने की होड़ लग गई है। लेकिन आज तक प्रशासनिक अधिकारियों ने उसकी वैधानिकता की जांच नहीं की है। जबकि कालोनी बनाने वाले ने कई मामलों में नियमों का उल्लंघन किया है। अब तो कई कालोनियां ग्रामीण क्षेत्रों में खड़ी की जा रहीं हैं जिनका लाभ ग्रामपंचायतों को मिलना चाहिए लेकिन ग्राम पंचायतें भी उसके लाभ से वंचित हैं।

## वाटर शेड के सम्बन्ध में बजाग और डिंडौरी के अधिकारियों की बैठक संपन्न

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने वाटरशेड प्रबंधन के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन कर पूर्वस्वीकृत कार्यों का आकलन किया और अपने क्षेत्र के कार्यों की सूची बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उक्त बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश देते हुए कहा कि जिन जलाशयों में मरम्मत का कार्य करना है उनकी सूची पहले से तैयार कर लें, जिससे वाटरशेड क्षेत्रों की पहचान आसान हो सके। पेयजल संकट वाले गांवों में पानी के स्त्रोत और व्यवस्था का आकलन करें। वर्तमान में संचालित कार्यों की प्रगति का आकलन कर पूर्व में पूर्ण हो चुके कार्यों के संचालन की स्थिति की निरंतर निगरानी करते रहें।

## ब्लॉक अधिकारियों और पेसा मोबिलाइजर्स की बैठक संपन्न

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रट सभाकक्ष में पेसा मोबिलाइजर और ब्लॉक अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने पेसा मोबिलाइजरों को प्रचलित कार्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी को जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए प्राथमिकता निर्धारित कर कार्यों को करना है। जिनमें पेसा के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि प्रमुख कार्य हो। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी को निर्देशित करते हुए अधिकारियों से कहा कि स्कूलों की स्थिति का आकलन करें और ब्लॉक स्तर पर पुस्तकालय के लिए कार्य करें, बच्चों को किताबों के प्रति आकर्षित करने का कार्य जमीनी स्तर पर करें। पेसा के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र में निर्देशित किया कि मातृ और शिशु स्वास्थ्य के लिए नीतिगत कार्य करें, कुपोषण को दूर करने के लिए गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए कार्य करें और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि रोजगार के लिए कृषि क्षेत्र में अवसर बनाते हुए सही मूल्य पर फसल बिक्री की स्थिति का आकलन करते रहें। ब्लॉक मुख्यालय पर कैरियर काउंसलिंग केंद्र बनाकर बच्चों की अभिक्षमता को समझें और उसी अनुसार उनका मार्गदर्शन कर भविष्य की नीति बनाये। पंचायत स्तर पर खेल मैदान के लिए आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि गांव के लोगों की प्राथमिकता को समझें।

### जमीनी स्तर पर लोगों की आवश्यकताओं और पेयजल की स्थिति में सुधार करें-

कलेक्टर ने कहा कि पेसा के तहत दी गई जिम्मेदारी को समझते हुए कार्ययोजना पर कार्य करें और ऐसे प्रयास किये जाएं, जिससे पलायन रुक सके। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में संचालित अवैधानिक ग्राहक केंद्रों के लिए निर्देश देते हुए कहा कि बैंकों के ग्राहक सेवा केंद्र पंजीकृत करने बाद मान्य ही होते हैं, इसलिए ऐसे अवैधानिक केंद्रों की सूचना दें, जिससे उन पर कार्यवाही हो सके।

## कलेक्टर ने ग्राम सलैया, बरबसपुर और भैंसवाही का किया निरीक्षण पेयजल व्यवस्था, आपूर्ति आदि मूलभूत आवश्यकताओं के संबंध में दिए निर्देश



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जनपद अमरपुर के ग्राम सलैया, बरबसपुर और भैंसवाही में अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ विकास खण्ड करंजिया के विभिन्न ग्रामों में पेयजल व्यवस्था, आपूर्ति, पेयजल स्त्रोत एवं अन्य शासकीय कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों से उक्त ग्रामों में पेयजल व्यवस्था, आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया गया की जो कार्य पूर्ण है जिन्हे चालू कर ट्रायल पूर्ण हो जाने के बाद ग्राम पंचायत को सौंप दें। प्रगतिरत कार्यां को त्वरित गति से पूर्ण करें और जो ठेकेदार कार्य मे अतिविलम्ब कर रहा है उस पर पेनाल्टी लगाएं। साथ ही कार्य समय सीमा पूर्ण नहीं करने पर अनुबंध शर्तो के अनुरूप कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है।कलेक्टर मिश्रा ने उक्त ग्रामों में पेयजल स्त्रोतों का स्थिति का अवलोकन किया और ग्रामों में स्थापित किये नलों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पेयजल आपूर्ति के लिए संचालित ट्यूबबेल, वॉटर टैंक का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कार्य करें।

## कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने जनपद पंचायत अमरपुर में आयुष विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई और पंचायत एवं अन्य विभागों की बैठक ली



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने जनपद पंचायत अमरपुर में आयुष विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई और पंचायत एवं अन्य विभागों की बैठक ली। उन्होंने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुनश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं के निपटान के लिए त्वरित कार्यवाही के लिए कहा। कलेक्टर विकास मिश्रा ने खाद्य विभाग द्वारा किये जाने वाले खाद्य वितरण को उचित रूप से करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बैठक में राजस्व के प्रचलित कार्यों पर चर्चा करते हुए लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। विकासखंड अधिकारियों के साथ बैठक लेकर जनपद स्तर पर प्रचलित कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी लंबित कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### पंचायत अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

कलेक्टर श्री मिश्रा ने पंचायत सचिव नरेगा, पेसा मोबलाइजर की बैठक आयोजित की और प्रचलित कार्यां को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पेसा मोबलाइजर को पेसा के नियमानुसार कार्य करने के निर्देश देते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

## आजीविका भवन अमरपुर में दीदीयों की हुई बैठक



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आजीविका भवन अमरपुर में स्व-सहायता समूह की दीदीयों की बैठक ली। उन्होंने स्व-रोजगार पर केंद्रित कार्यों को करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। स्व-रोजगार के लिए पशुपालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि एवं कृषि संगत व्यवसायों को बढावा देने को कहा।कलेक्टर ने कहा कि ग्राम से हो रहा पलायन रोकने के लिए हमें सयुंक्त रूप से रोजगारान्मुख कार्यों को करना होगा। पशुपालन, पुराने तालाबों में मत्स्य पालन जैसी गतिविधियां क्षेत्र में आसानी से की जा सकती हैं। जिनके उत्पाद के लिए व्यवस्थित रूप से मार्केटिंग कर पलायन की समस्या को रोका जा सकता है। कलेक्टर ने स्व-सहायता समूह की दीदीयों को आत्मनिर्भर होने का मूलमंत्र दिया।

## अमरपुर में तेल प्रसंस्करण ईकाई का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने अमरपुर में आजीविका के तहत तेल प्रसंस्करण ईकाई का निरीक्षण किया। उक्त ईकाई में अलसी, राई, धान-तिल के द्वारा तेल का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने ईकाई में संचालित कार्यां का जायजा लिया और अधिकारियों से प्रसंस्कृत तेल के आपूर्ति प्रबंधन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमें हमारे उत्पादों को उचित रूप से मांग अनुसार आपूर्ति श्रंखला प्रबंधन के माध्यम से बाजार पर उपलब्ध कराना है। इसके लिए निम्न स्तर से उच्च स्तर तक उचित प्रबंधन करना होगा, इस कार्य के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा ने आवश्यक निर्देश दिए।

## वाटर शेड कमेटी द्वारा अनुपयोगी स्थल में कराया गया अमृत सरोवर का निर्माण, फर्जीवाड़ा चरम पर..?




**डिंडौरी।** बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत वाटरशेड के अंतर्गत कराये गए निर्माण कार्यो के उपयोगिता को लेकर तरह तरह के सवाल उठ रहे हैं,सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत लालपुर में वाटरशेड के तहत ऐसे स्थान पर लगभग 10 लाख रुपये की लागत से अम्रत सरोवर का निर्माण कार्य कराया गया है जहाँ न तो नाला है और न ही पानी रुकने की संभावना है। जिम्मेदार अधिकारी जल संरक्षण के नाम पर सिर्फ ढांचा तैयार कर कमाई करने में जुटे हुए हैं। वाटरशेड मिशन के तहत सैकड़ो एकड़ भूमि को उपचारित कर भूजल स्तर बढाने का दावा किया जा रहा है लेकिन जब अनुपयोगी ढांचे बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जाएगा तो शासन की मंशा की सफलता पर संदेह होता हैं..?

### निर्माण कार्यो के नाम पर गड़बड़ी

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बजाग जनपद पंचायत में वाटरशेड के दो परियोजना संचालित है, जिनके द्वारा माइक्रो इरीगेशन के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा करते हुए शासन को पलीता लगाया जा रहा है। वाटरशेड के तहत कराये गए जिन निर्माण कार्यों से हजारों हेक्टेयर भूमि उपचारित किये जाने का दावा किया जा रहा, इस तरह के तमाम ढांचा स्वयं उपचारित होने की राह देख रहे हैं। निर्माण कार्यों में मापदंडों को दरकिनार करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा निर्माण कार्यो के आड़ में बड़े पैमाने पर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

# अब तक 48 किसानों द्वारा 2143.50 क्विटल गेहूं की

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन के लिये उमरिया जिले में आदिम जाति/सेवा सहकारी समितिया के कुल 26 गेहूं उपार्जन केन्द्र एवं स्व-सहायता समूह के माध्यम से 8 उपार्जन केन्द्र कुल 34 गेहूं उपार्जन केन्द्र जिले में बनाये गये है । गेहूं उपार्जन का कार्य माह मार्च 2024 से प्रारंभ हो गया है जो 15 मई तक चलेगा ।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारंभ, पंजीकृत किसानों को मिलेगा लाभ

उन्होंने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 मे गेहूं विक्रय के लिए इच्छुक 14509 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन किया गया है जिसमें से 609 किसानो द्वारा गेहूं विक्रय के लिए स्लाट की बुकिंग की जा चुकी है। अब तक 48 किसानों द्वारा 2143.50 क्विटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। शासन के निर्देशानुसार जिले में कृषको की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए गेहूं उपार्जन कार्य सप्ताह में 07 दिवस उपार्जन अवधि तक पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए है । रबी विपणन मौसम 2024-25 के लिए औसत अच्छी गुणवत्ता एफएक्यू के गेहूं का उपार्जन किया जाना है, जिसके लिये शासन द्वारा समर्थन मूल्य मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु कृषकों को राशि रूपये 2400 प्रति क्विंटल (समर्थन मूल्य रूपये 2275$ बोनस रू.125) का भुगतान किया जाना निर्धारित किया गया है।

### 15 मई तक अपनी उपज गेहूं की स्लॉट बुकिंग

जिले के गेहूं विक्रय के इच्छुक सभी किसानो से अपेक्षा की गई हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन की नियत अवधि 15 मई तक अपनी उपज गेहू स्लॉट बुकिंग कर नजदीकी गेहूं उपार्जन केन्द्र पर विक्रय कर शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते है।

## तेजी से फल-फूल रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार

**कोतमा।** नगर सहित गांवों की कीमती जमीनों पर इन दिनों प्रॉपर्टी डीलर्स की नजर गड़ी हुई है। नगर में इन दिनों अवैध प्लाटिंग कर जमीन की खरीद फरोख्त का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। लोग खुद के आशियाने की उम्मीद में नियमों की अनदेखी कर जमीन खरीद रहे हैं। अवैध प्लाटिंग के मसले पर प्रशासन की ओर से ठोस कार्यवाही न किये जाने के कारण दलाल लोगों की जीवन भर की कमाई को खुले आम लूट रहे हैं। हरे भरे खेतों में तैयार हो रहा सीमेंट क्रांक्रीट का जंगल नगर की आबादी दिनो दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में लोग अब खुद के आशियाने के लिए जमीन की खाक छान रहे हैं। प्रॉपर्टी डीलर्स इसका नाजायज फायदा उठाते हुए पहले तो गांव सहित शहर की जमीन की ओने पोने दाम पर खरीद फरोख्त करते हैं। इसके बाद किसानों से खरीदी गई कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जाती है और उसे बेच दिया जाता है। मोटी कमाई के के लिए दलाल सारे नियम कायदों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। नगर में जमीन की खरीदी बिक्री हर दिन हो रही है।

### कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग

नगर के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 के किनारे इन दिनों कृषि भूमि को अवैध प्लाटिंग कर बेजा जा रहा है। पिछले कई वर्ष से यह सिलसिला जारी है। नगर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों से कृषि भूमि खरीदी जाती है और बाद में प्रॉपर्टी डीलर्स इसे प्लाटिंग कर बेच देते हैं। जबकि प्लाटिंग और कॉलोनी संबंधी कार्य के लिए कॉलोनाइजर के पास प्लाटिंग की खरीदी बिक्री का लाइसेंस होना अनिवार्य होता हे। ग्रामीण इलाकों के किसानों की कृषि भूमि को ज्यादा पैसे देकर खरीद ली जाती है। भूमि की खरीदी के बाद अवैध प्लाटिंग किया जाता है और उसे बेचा जाता है। औने-पौने दाम में खरीदे गए भूमि को कॉलोनी बनाए जाने के नाम पर बड़ी कीमत में बेचा जाता है।नियमों को ताक पर रखते हुए नगर पालिका क्षेत्र में मुख्य मार्ग के अलावा नए एनएच बायपास के दोनों तरफ नई कालोनियां लगातार विकसित हो रही है। अवैध प्लाटिंग का धंधा जोर-शोर से चल रहा है। प्रशासन की मौन स्वीकृति के चलते भू माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि ताल तलैया में भी आशियाने बसाऐ जा रहे हैं। नगर के अनेक तालाब तलैया भू माफिया की भेंट चढ़ गए। जिसका खामियाजा नगर वासियों को गंभीर जल संकट के दौर से गुजर कर चुकाना पड़ रहा है इसके बावजूद भी लगातार ताल तलैया को जमींदोज करने का कार्य बदस्तूर जारी है।

### कमीशन के खेल में बढ़ रहे जमीन के दाम

नगर के जमीन के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसका मुख्य कारण दलालों के जरिए जमीन की खरीदी बिक्री होना है। यदि जमीन के लिए सीधे मालिक व ग्राहक के बीच सौदा होता है तो कमीशन का खेल ही नहीं हो पाएगा। ऐसे में जमीन सस्ते दाम में उपलब्ध हो सकेगी। शहरी क्षेत्र में ऐसे कई कालोनाईजर्स की भरमार है जो पैसे के बलबूते पर औने-पौने दामों में जमीन खरीदी कर अवैध प्लाटिंग कर उसमें मकान बनाकर बेच देते हैं। बावजूद इसके जमीन के इस गोरखधंधे को बंद कराने में प्रशासन ने अब तक कोई सख्त कदम नहीं उठाया है।

### लाखों रुपए का राजस्व चोरी

अवैध प्लाटिंग के जरिए हर वर्ष लाखों रुपए की राजस्व चोरी की जाती है। अवैध प्लाटिंग के जरिए कृषि भूमि को रहवासी क्षेत्र के लिए बेच दिया जाता है। वर्तमान में चल रहे अवैध प्लाटिंग करने वाले अब समूहों में कार्य करने लग गए हैं, जिससे राजस्व को लाखों रुपए का चूना लग रहा है। पिछले वर्ष नगर पालिका राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में सड़क के किनारे अवैध पार्टी को धराशाई कर दिया था, लेकिन एक बार फिर से अवैध प्लाटिंग का कार्य भू माफियाओं के द्वारा धड़ल्ले से शुरू कर दिया गया है । खुलेआम बाउंड्री का निर्माण किया जा रहा है ।

### हुई शिकायत

नगर के निवासी मंगल दीन प्रजापति ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत करते ही बताएं कि मेरे खसरा नंबर 901 /1/1/1 रकवा 10 डिसमिल मेरे निजी स्वामित्व की भूमि पेट्रोल पंप के सामने है जिसमें एक दबंग पार्षद के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर गड्ढा खुदवाते हुए बाउंड्री बाल का निर्माण करवाया गया है। उसने पुलिस से मदद गुहार लगाते हुए न्याय दिलवाये जाने की मांग की है।

### क्या है सरकार का नया प्रावधान

मध्य प्रदेश की डॉक्टर मोहन यादव सरकार ने अवैध निर्माण मामले को काफी गंभीरता से लिया है । उन्होंने इस मामले में कड़े प्रावधान किए हैं जिसके अनुसार संबंध अवैध प्लाटिंग करने वाले भू माफियाओं पर राजका लगाई जाएगी। कार्रवाई सिर्फ यही तक सीमित नहीं रहेगी जिस इलाके में अवैध कॉलोनी बनी है या बनेगी वहां के राजस्व अधिकारियों पर भी सीधे कड़ी कार्रवाई होगी। जानकारी मिली है कि माफिया की पुरानी और नई हैसियत का आकलन किया जाएगा। निर्माण को जमीन डोज करने का कार्य तो पूर्व से ही शुरू कर दिया गया है इसे भी कड़ाई से लागू किया जाएगा। बताया गया कि भू माफिया की गोपनीय सूची भी तैयार की जाएगी ताकि उन पर कार्यवाही करने में सहूलियत हो सके। नए कानून का मसौदा तैयार किया जा चुका है।

### प्रशासन का अंकुश नहीं

कोतमा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 सड़क के किनारे कई स्थानों पर चल रही अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन कुछ नहीं लग पा रहा है। सूत्रों से जानकारी यह भी लगी है कि सड़क के किनारे यदि किसी आदिवासी की जमीन है और उसके पीछे सामान्य की जमीन है तो सामान की जमीन की बिक्री करने के बाद आदिवासी से साठ गाठ करते हुए उसे जमीन पर भी कब्जा कर लिया जाता है। ऐसा नहीं है कि राजस्व विभाग को इसकी जानकारी नहीं है। राजस्व विभाग इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। यदि सही ढंग से राजस्व विभाग के बड़े अधिकारी इसकी जांच करें तो सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हुजेफा खानम की शानदार सफलता..



**हरिभूमि न्यूज - करेली।** नगर की होनहार बिटिया संस्कारधानी जबलपुर के स्प्रिंग डे हाई स्कूल में अध्ययनरत कु हुजेफा खानम ने कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कु. हुजेफा नगर के मरहूम शायर गुलाम मुहम्मद की पोती, खलील मोहम्मद करेलबी व रफीक मुहम्मद-साजदा खानम की बिटिया है। बिटिया की सफलता पर शुभचिंतकों ने बधाइयाँ दी है।

### उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 30 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा का आयोजन 30 अप्रेल 2024 दिन मंगलवार को प्रातः 10:15 से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित कराई जा रही है। परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश-पत्र, फोटो युक्त परिचय पत्र एवं काली स्याही के 02 बालपाइंट पेन के साथ परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से आवेदन क्रमांक एवं जन्मतिथि दर्ज कर डाउनलोड कर सकते है, परीक्षार्थी महत्वपूर्ण निदेशों एवं प्रवेश पत्र में दर्ज जानकारी का भली-भांती अध्ययन कर लेवे। परीक्षा हेतु 4 परीक्षा केन्द्र बनाये गये ह जिसमे शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उ मा विद्यालय नरसिंहपुर, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, शासकीय एस डी एम कन्या उ मा विद्यालय स्टेशनगंज नरसिंहपुर, शासकीय नेहरू उ मा विद्यालय नरसिंहपुर है।

### श्रीपंचकुंडी रूद्र महायज्ञ का आयोजन 29 से

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ग्राम बरहटा में श्रीपंचकुंडी रूद्र महायज्ञ का आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बड़े तालाब हरदौल मंदिर से कलश यात्रा निकाली जावेगी। जो यज्ञ स्थल श्री गौमतेश्वर मंदिर पटैल मोहल्ला पहुंचकर समाप्त होगी। 7 मई तक चलने वाले महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 12 बजे तक पूजन पाठ तथा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवचन होंगे। 7 मई को पूर्ण आहुति के बाद दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक भंडारा आयोजित होगा। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### प्रदेश सूची में गर्वित ने प्राप्त किया 6 स्थान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** मायमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किये गये 10 वी के परीक्षा परिणाम मे जिले में टॉप एवं प्रदेश में 6 वा स्थान हासिल करने वाले गर्वित गुप्ता ने 500 में से 489 (97.8%)अंक हासिल किए है नरसिंहपुर के अधिवक्ता संदीप गुप्ता के सुपुत्र एवं रेलवे कांट्रेक्टर प्रदीप गुप्ता एवं पत्रकार पंकज गुप्ता के भतीजे है। छात्र गर्वित उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर का छात्र है। और यह उपलब्धि बिना किसी कोचिंग के हासिल की है । उनकी सफलता पर शुभचिंतकों द्वार शुभकामनायें प्रेषित की गई है ।

### शांतिपूर्ण रूप से मतदान सम्पन्न, जताया आभार

# पुरूष एवं महिला मतदाता ने बढ़ चढ़कर किया मतदान







**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश की नर्मदापुरम समेत मध्य प्रदेश की छह लोकसभा सीट पर दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। नर्मदापुरम संसदीय सीट पर भाजपा और कांग्रेस में प्रमुख मुकाबला देखा जा रहा है। सुबह माकपोल के बाद छह बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। सुबह से ही मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की भारी भीड़ नजर आई, इस दौरान जमकर मतदान हुआ। सुबह दस बजे तक मतदान प्रतिशत 15 रहा, वही दोपहर एक बजे तक यह 45 प्रतिशत तक जा पहुंचा। दोपहर होते ही मतदान केन्द्रों में भीड़ कम हुई, लेकिन शाम होते ही एक बार फिर इन मतदान केन्द्रों में भीड़ दिखाई देने लगी। मतदान दलों मे बुजुर्ग, महिलाओं और युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। वही ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया है। शाम पांच बजे तक कुल 64 प्रतिशत मतदान किया गया है। यहां पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में देखा जा रहा है। दोनों ही दलों ने नया चेहरा उतारा है। भाजपा ने किसान नेता दर्शन सिंह तो कांग्रेस ने भी पूर्व विधायक संजय शर्मा को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा है। नर्मदापुरम लोकसभा सीट पर साल 1996 से बीजेपी का कब्जा है। यहां से तीन बार के सांसद राव उदय प्रताप सिंह के विधानसभा चुनाव जीतकर मंत्री बनने के बाद बीजेपी के गढ़ को बचाने की जिम्मेदारी पार्टी ने दर्शन सिंह चोधरी को सौंपी है। दर्शन सिंह का मुकाबला कांग्रेस के संजय शर्मा से है, जिन्हें पार्टी ने नरसिंहपुर के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि होने का लाभ मिलने के चलते मैदान में उतारा है। शाम छह बजे तक मतदान केन्द्रों पर भारी भीड़ देखी गई।

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भी किया मतदान

कैबिनेट मंत्री व नरसिंहपुर विधायक प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रातः 7 बजे नरसिंहपुर नगर के शंकराचार्य वार्ड स्थित एमएलबी स्कूल बूथ क्र.194 मे प्रथम मतदाता के रूप में अपना मतदान किया। इस



अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने कहा, कि यह लोकतंत्र का महापर्व है, इसमें सभी देशवासियों को अपनी सहभागिता मतदान के रूप में की जानी चाहिए, उन्होने जोर देते ए कहा, कि इस बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है, जिसके पीछे कारण प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किए गए वो कार्य है जिससे न केवल देशवासियों का दुनिया में मस्तक उंचा हुआ है, वही सभी वर्गो के लिए प्रधानमंत्री ने लाभकारी योजनाएं चलाकर लाभ दिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने प्रातः 9.30 बजे करेली नगर के लक्ष्मी नारायण वार्ड के बूथ क्रमांक 109 में मतदान किया। तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल जी ने सुबह 7.30 बजे विधानसभा तेंदूखेड़ा मे गृह ग्राम रीछा के अंतर्गत बीतली मतदान केंद्र क्र 147 में मतदान किया।

### कलेक्टर ने दिया अपना बहुमूल्य मत

नरसिंहपुर जिले में चुनाव की कमान संभालने वाली कलेक्टर शीतल पटले ने भी मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। इस अवसर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए, कलेक्टर ने कहा, कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी जिले वासियों को अपना बहुमूल्य मत देना चाहिए, मतदान को प्रेरित करने प्रशासन द्वारा विगत दो माह से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा था, यही कारण है, कि लोग प्रेरित होकर आज मतदान केन्द्र बड़ी संख्या में पहुंचे है। वही लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने एचसी मिशन स्कूल मतदान केंद्र नरसिंहपुर में मतदान किया और सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

**अभिनेता आशुतोष राणा ने किया मतदान**

फिल्म जगत के मशहूर कलाकार आशुतोष राणा भी लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता देने के लिए बंबई महानगर से गाडरवारा स्थित महाराणा प्रताप वार्ड मतदान केन्द्र. मतदान करने पहुंचे और सुबह मतदान केन्द्र पहुंचकर अपना मत दिया। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए आशुतोष राणा ने कहा, कि मतदान करना देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी है, हमें अपनी सरकार चुनने का अधिकार इसी एक मत से मिलता है, जो पूरे पांच साल तक हमें नुकसान या फायदा पहुंचाता है। इसलिए मतदाताओं को लोभ और द्वेष की भावना से उठकर देशहित में सबसे उचित जनप्रतिनिधि को चुनकर ही अपना प्रतिनिधि बनाना चाहिए।

### स्टेशन मास्टर ने सपत्नीक किया मतदान

नरसिंहपुर में पदस्थ रेल्वे स्टेशन मास्टर सुनील जाट ने भी अपनी पत्नी के साथ पहुंचकर मतदान किया। इस मौके पर श्री जाट ने कहा, कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को मतदान में हिस्सा लेना चाहिए, आम मतदाताओं को यह देखकर वोट करना चाहिए कि, किस सरकार ने बेहतर काम किया, आज रेल्वे में हो रहे विकास कार्य मजबूत सरकार के कारण ही संभव हो पाया है। करेली में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया, सुबह से ही यहां पर मतदान केन्द्रों में मतदाताओं



की लम्बी कतारें देखी गई, मतदान करने पहुंची महिलाओं में मतदान को लेकर अलग ही उत्साह नजर आ रहा था, ग्रामीण क्षेत्रों से लोग ट्रेक्टरों पर सवार होकर मतदान केन्द्र पहुंचे और मतदान किया। सभी वर्ग के लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। दोपहर होते ही मतदान केन्द्रों में भीड़ कुछ कम हुई लेकिन शाम के चार बजते ही एक बार फिर मतदाताओं का हुजूम मतदान केन्द्रों पर उमड़ पड़ा।

### जीवन साथी चुनने के पहले मतदान में लिया भाग

होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नरसिंहपुर जिले की तीन विधानसभाओं में तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदान हुआ है। सुबह सात बजे से ही बूथों पर बड़ी-बड़ी कतारें लगना शुरू हो गई थी। शाम पांच बजे तक की स्थिति में तेंदूखेड़ा क्षेत्र में 67 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में 67 प्रतिशत तथा गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में 64 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें यदि देखा जाए तो पुरुषों का मतदान प्रतिशत सर्वाधिक रहा। कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा ने अपने गृह ग्राम देवरी में सुबह नौ बजे मतदान किया। श्री शर्मा अपनी दैनिक क्रियाओं से निवृत्त होकर सबसे पहले अपनी मां का आशीर्वाद लिया। मां ने तिलक लगाकर आरती उतारी और आशीर्वाद दिया। समीप प्रतिष्ठित पांडाझिर हनुमान मंदिर में पहुंच कर पूजन, अर्चन किया। तत्पश्चात गृहग्राम में साथियों के साथ पहुंच कर मतदान किया। वहीं प्रदेश के शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने अपने गृह ग्राम लोलरी में परिजनों के साथ पहुंच कर मतदान किया। दोपहर में मतदान कम हुआ शाम के समय मतदान का प्रतिशत बढ़ा। तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मदनपुर मतदान केंद्र पर सौरभ पिता भरत यादव ने बारात विचुआ नरवारा जाने के पूर्व तैयार होकर मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान किया। वही नरसिंहपुर की रहने वाली शिवानी दुबे ने अपनी विदाई के पूर्व मतदान केन्द्र क्रमांक 176 पहुंचकर मतदान किया।

### होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण हुआ चुनाव

होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली आठों विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान होने की खबरें मिली हैं। वहीं शाम पांच बजे तक रायसेन जिले के अंतर्गत आने वाली विधानसभा उदयपुरा में 57.71 प्रतिशत होशंगाबाद जिले के अंतर्गत आने वाली विधानसभा पिपरिया में 68.70 प्रतिशत सिवनी मालवा में 66.37 प्रतिशत सोहागपुर में 64.69 प्रतिशत और होशंगाबाद में 57.54 प्रतिशत मतदान हो चुका था। शाम छः बजे के बाद तक मतदान होने की जानकारी भी लगी है। इस मतदान के बाद सभी 12 अभ्यर्थियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है। चूंकि 4 जून को परिणाम आना है। आचार संहिता से लेकर चुनाव परिणाम तक काफी लंबा समय है लगभग साढ़े तीन माह तक का समय शायद अभी तक का सबसे लंबा समय है।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा व 121- गाडरवारा में शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने और मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं व की गई तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम केरपानी, सरसला, तेंदूखेड़ा, इमझिरा एवं डोभी में बनाये गये मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहाँ मतदान दलों के सदस्यों से मॉक पोल एवं अभी तक मतदान केंद्रों पर आये मतदाताओं की जानकारी ली।

## निर्वाचन में लापरवाही करने पर निलंबन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले के ग्राम तूमड़ा में मतदान केन्द्र क्रमांक 8 के मतदान दल के मतदान अधिकारी क्रमांक एक प्राथमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा राजेन्द्र सिंह पटैल शराब के नशे में पाये जाने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने श्री पटैल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। यह आदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल पाये जाने और मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम के प्रावधानों के अनुसार यह निलंबन आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि सहायक रिटर्निंग अधिकारी संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद के अंतर्गत आने वाली जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 121- गाडरवारा ने प्रतिवेदन देते हुए बताया? कि निर्वाचन कार्य सम्पादन किये जाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी/ मतदान अधिकारी रूप में लगाई गई थी। तहसीलदार व थाना प्रभारी सांईखेड़ा व सेक्टर अधिकारी के संयुक्त भ्रमण के दौरान ग्राम तूमड़ा के मतदान केन्द्र क्रमांक 8 में मतदान दल के मतदान अधिकारी क्रमांक एक प्राथमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा राजेन्द्र पटैल शराब के नशे में पाये गये। उनसे पूछताछ एवं बैग की तलाशी लेने पर एक शराब की बोतल पाई गई। सेक्टर तूमड़ा डॉ. संजय माझी, सहायक सेक्टर डॉ. श्रेया दुबे, पीठासीन अधिकारी मतदान केन्द्र क्रमांक 8 एवं माइक्रो आब्जर्वर के प्रतिवेदन व पंचनामा के आधार पर निलंबन के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। श्री पटैल का उक्त कृत्य निर्वाचन जैसे अतिमहत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है। उक्त प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।


## विवाह आदि मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

**तेंदूखेड़ा-** ग्रह गोचर के चलते सूर्य से निश्चित अंशों की निकटता में पहुंचने पर मंगल आदि ग्रह अस्त हो जाते हैं। अस्त और निस्तेज ग्रह अपना फल देने में असमर्थ हो जाता है जिससे उन ग्रहों से संबंधित कार्य प्रभावित हो जाते हैं। सौरमंडल के बृहस्पति और शुक्र दोनों ग्रहों को पुरोहित और गुरु का पद प्राप्त है। इस वर्ष 29 अप्रैल को शुक्र ग्रह सूर्य के निकट पहुंचकर अस्त होंगे और फिर 28 जून को शुक्रोदय होगा। उसी प्रकार देवगुरु बृहस्पति 6 मई से 3 जून तक अस्त रहेंगे। गुरु शुक्र के अस्त के तीन दिन पूर्व से वृद्धत्व एवं गुरु शुक्र के उदय के तीन दिन बाद तक बालत्व दोष रहता है। जिसमें विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। गुरु शुक्र के अस्त के कारण विवाहों की अधिकता वाले बैशाख और ज्येष्ठ के महीनों में इस वर्ष विवाह मुहूर्त नहीं है। ज्योतिषाचार्य पंडित प्रमोद पचैरी ने बताया कि इस वर्ष लगभग ढाई महीने कोई विवाह मुहूर्त नहीं रहेंगे। अगले विवाह मुहूर्त आषाढ़ शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से प्रारंभ होकर भड़ली नवमी तक रहेंगे।

## तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में हुई सर्वाधिक वोटिंग

सुबह-सुबह लगी रहीं लंबी कतारें





तेंदूखेड़ा- होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नरसिंहपुर जिले की तीन विधानसभाओं में तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदान हुआ है। सुबह सात बजे से ही बूथों पर बड़ी बड़ी कतारें लगना शुरू हो गई थी।शाम पांच बजे तक की स्थिति में तेंदूखेड़ा क्षेत्र में 67 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में 63 प्रतिशत तथा गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में 64 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें यदि देखा जाए तो पुरुषों का मतदान प्रतिशत सर्वाधिक रहा। कांग्रेस प्रत्याशी श्री संजय शर्मा ने अपने गृह ग्राम देवरी में सुबह नौ बजे मतदान किया।श्री शर्मा अपनी दैनिक क्रियाओं से निवृत्त होकर सबसे पहले अपनी मां का आशीर्वाद लिया। मां ने तिलक लगाकर आरती उतारी और आर्शीवाद दिया।समीप प्रतिष्ठित पांडाझिर हनुमान मंदिर में पहुंच कर पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात गृहग्राम में साथियों के साथ पहुंच कर मतदान किया। वहीं प्रदेश के शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने अपने गृह ग्राम लोलरी में परिजनों के साथ पहुंच कर मतदान किया। दोपहर में मतदान कम हुआ शाम के समय मतदान का प्रतिशत बढ़ा।



जीवन साथी चुनने के पहले मतदान में लिया भाग

तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मदनपुर मतदान केंद्र पर सौरभ पिता भरत यादव ने बारात विचुआ नरवारा जाने के पूर्व तैयार होकर मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान किया।

मतदान के बाद 12 अभ्यर्थियों की किश्मत ईव्हीएम में कैद

होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली आठों विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान होने की खबरें मिली हैं। वहीं शाम पांच बजे तक रायसेन जिले के अंतर्गत आने वाली विधानसभा उदयपुरा में 57.71प्रतिशत होशंगाबाद जिले के अंतर्गत आने वाली विधानसभा पिपरिया में 68.70 प्रतिशत सिवनी मालवा में 66.37 प्रतिशत सोहागपुर में 64.69 प्रतिशत और होशंगाबाद में 57.54 प्रतिशत मतदान हो चुका था।शाम छः बजे के बाद तक मतदान होने की जानकारी भी लगी है।इस मतदान के बाद सभी 12 अभ्यर्थियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है। चूंकि 4 जून को परिणाम आना है। आचार संहिता से लेकर चुनाव परिणाम तक काफी



लंबा समय है।

तेंदूखेड़ा बूथों पर रही यह स्थिति

तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले बूथ क्रं 6 पर 813 मतदाताओं मे 582 मतदाताओं ने वोट डाले जिनमें 321 पुरूष एपं 261 महिलायें बूथ क्रं 7 639 मतदाता कुल 448 वोट डाले गये जिनमें 264 पुरूष 184 महिलाये बूथ क्रं 8 कुल मतदाता 632 424 वोट डाले गये जिनमें 250 पुरूष एवं 174 महिलायें बूथ क्रं 9 1052 मतदाता 779 वोट डाले गये जिनमें 414 पुरूष एवं 365 महिलायें बूथ क्रं 10 1409 कुल मतदाता 933 वोट डाले गये जिनमें 522 पुरूष 411 महिलायें बूथ क्रं 11 कुल 1445 मतदाता जिनमें 1046 वोट डाले गये जिनमें 546 पुरूष एवं 500 महिलायें बूथ क्रं 12 1173 कुल मतदाता 882 वोट डाले गये 450 पुरूष 432 महिलायें बूथ क्रं 14 703 कुल मतदाता 568 वोट डाले गये जिनमें 290 पुरूष 278 महिलायें बूथ क्रं 15 कुल मतदाता 748 485 वोट डाले गये 282 पुरूष एवं 203 महिलायें बूथ क्रं 16 कुल 910 मतदाता 661 वोट डाले गये जिनमें 346 पुरूष एवं 315 महिलाये बूथ क्रं 17 कुल 663 मतदाता 582 वोट डाले गये 281 पुरूष एवं 241 महिलायें प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, एक घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** तेरहवीं कार्यक्रम से लौट रहे बाईक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके चलते दोनों बाईक सवार चोटिल हो गए, स्थानीयजनों ने एम्बुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत एक युवक को मृत घोषित कर दिया, ही दूसरे घायल युवक का इलाज किया जा रहा है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए तेंदूखेड़ा पुलिस ने बताया, कि तेंदूखेड़ा स्थित बिलगवां निवासी नीरज कोसी और अरविंद कोसी तेरहवीं कार्यक्रम से वापिस अपने घर की ओर जा रहे थे, तभी वे बारह और रीछा के बीच एक अज्ञात वाहन ने दोनों को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाईक सवार बुरी तरह चोटिल हो गए, स्थानीयजनों ने तत्काल ही एम्बुलेंस की सहायता से देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर जाया गया, जहां से दोनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत नीरज को मृत घोषित कर दिया, वही घायल अरविंद का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए नीरज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए पंचनामा कार्रवाई मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे मे एक की मौत, दो घायल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाईक में सवार तीन युवकों को पीछे से आ रही मोटरसाईकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाईक में सवार तीनों दोस्त जमींन पर आ गिरे, जिसमें बाईक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वही उसके पीछे बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिनका इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए स्टेशन गंज थाना पुलिस ने बताया, कि सागर निवासी तीन युवक खिलान, जितेन्द्र और हेमंत राकई पिपरिया एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाईक से जा रहे थे, तभी दादा महाराज के पास वे पहुंचे ही थे, कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाईक ने इनकी मोटरसाईकिल में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों ही मोटर साईकिल सवार जमींन पर आ गिरे, खिलान को सिर में पत्थर लगा जिससे उसके खून की तेज धार बह निकली और वह वही पर बेहोश हो गया। स्थानीयजनों ने घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत खिलान को मृत घोषित कर दिया। वही उसके अन्य दो घायल साथियों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। पुलिस ने मृतक का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मामला कायम कर अज्ञात बाईक सवार की तलाश शुरू कर दी है।